राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्र. 2244 / परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि / 2024 ग्वालियर, दिनांक 23 / 12 / 2024

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्धता प्राप्त संगीत एवं कला महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

समस्त विभागाध्यक्ष,
अध्ययनशाला, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय :– विशेष अनुमति शुल्क के साथ भरे गये परीक्षा आवेदनों की प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन के संबंध में।
संदर्भ :– पत्र क्रमांक–2241–2242 / परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि. / 2024 दिनांक 21.12.2024

महोदय / महोदया,

उपरोक्त संदर्भित एवं विषयान्तर्गत लेख है कि, विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम चरण में आयोजित सेमेस्टर परीक्षा सत्र् दिसम्बर–2024 की प्रायोगिक परीक्षाएँ लगभग समस्त महाविद्यालयों एवं अध्ययनशाला में सम्पन्न करा ली गई हैं अथवा 24 दिसम्बर, 2024 तक सम्पन्न करा ली जायेंगी।

माननीय कुलपति जी एवं कुलसचिव महोदय के आदेशानुसार दिनांक 21.12.2024 को जारी पत्र के माध्यम से स्नातकोत्तर स्तर, प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर, एटीकेटी (ATKT) / एक्स (EX) एवं नियमित (REGULAR), (ऑनलाइन पद्धति वाले) के रूप में ऐसे परीक्षार्थी जो परीक्षा आवेदन भरने से वंचित रहे गये हैं, उन्हें पुनः अंतिम अवसर दिये जाने हेतु ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से **विशेष अनुमति शुल्क** के साथ परीक्षा आवेदन–पत्र के लिए दिनांक **22.12.2024** से **23.12.2024** तक निर्धारित की गई है।

उक्त के तारतम्य में प्राप्त आवेदनों पर परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा एवं परीक्षा संबंधी आने वाले समस्त प्रकार के वित्तीय भार / व्ययों का भुगतान परीक्षार्थियों द्वारा स्वयं देय होगा एवं साथ ही उक्त प्रायोगिक परीक्षाएँ विश्वविद्यालय की अध्ययनशाला में पृथक से तिथि निर्धारित / घोषित कर आयोजित कराया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसके संबंध में पृथक से सूचना प्रेषित की जावेगी।

(माननीय कुलपति जी द्वारा अनुमोदित)

23/12/24
परीक्षा प्रभारी

क्र. 2245 / परीक्षा / रा.मा.तो.वि.वि / 2024 ग्वालियर, दिनांक 23 / 12 / 2024

प्रतिलिपि :–

1. मान. कुलपति सचिवालय, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर को सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव कार्यालय, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर को सादर सूचनार्थ।
3. कार्यालय, संस्कृति संचालनालय, संस्कृति विभाग म.प्र. शासन को सादर सूचनार्थ।
4. वित्त नियंत्रक, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर को ससूचनार्थ।
5. प्रभारी, पी.आर.ओ., राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर को सूचनार्थ।
6. एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
7. वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ
8. सूचना पटल पर चस्पा करने बावत्।
9. संबंधित पत्रावली।

23/12/24
परीक्षा प्रभारी